सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–3

राजभवन नैनीताल 23 जून, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने रविवार को सर्किट हाउस काठगोदाम में पूर्व सैनिकों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं व चुनौतियों के संबंध में चर्चा की। बैठक के दौरान राज्यपाल ने कहा की प्रत्येक पूर्व सैनिक व उनके परिवारों की समस्याओं का समाधान करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। उन्होंने कहा की पूर्व सैनिकों की विभिन्न समस्याएं होती हैं जिनका समाधान किया जाना बेहद जरूरी है, इसके लिए वह निरंतर प्रयासरत हैं।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की विषम भगौलिक परिस्थितियों को देखते हुए राज्य में ईसीएचएस सिस्टम को सुदृढ़ करने और एनसीसी सेंटर को खोलने की कवायद गतिमान है। राज्यपाल ने कहा की उत्तराखण्ड सैनिक बाहुल्य प्रदेश है जिसमें लगभग प्रत्येक परिवार से कोई न कोई देश की सेवा कर रहा है इसे देखते हुए पूर्व सैनिक व उनके परिवारों की समस्याओं के समाधान हेतु राजभवन में एक अलग से शिकायत प्रकोष्ठ (ग्रीवांस सेल) बनाया गया है जिसमें शिकायत निवारण अधिकारी की तैनाती की गई है।

इस अवसर पर पूर्व सैनिकों द्वारा राज्यपाल के समक्ष विभिन्न समस्याएं रखी गई जिनमें मुख्य रूप से कुमाऊं में एक सी एस डी डिपो, हल्द्वानी में पूर्व सैनिकों के बच्चों हेतु छात्रावास, भीमताल में पूर्व सैनिक लीग की जमीन पर एक सैनिक आरामघर, हल्द्वानी नैनीताल रोड़ स्थित शहीद स्मारक का सौंदर्यीकरण करवाने और ईसीएसएच सुविधाओं के विस्तार से संबंधित सुझाव रखे।

राज्यपाल ने सभी सुझावों एवं समस्याओं पर उचित कार्यवाही को आश्वासन दिया। उनकी समस्याओं को सुनने के लिए सभी पूर्व सैनिकों द्वारा राज्यपाल का धन्यवाद किया गया। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट ए पी बाजपेई, एसडीएम परितोष वर्मा, सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर डी के जोशी, कर्नल रमेश सिंह, आलोक पांडेय, आई सी जोशी, जे एस जंतवाल, एस के जोशी, बीडी कांडपाल, तहसीलदार सचिन कुमार, कैप्टन पी एस भंडारी सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

............0............